>

Title: Need to re-start the construction work on Jabalpur-Nagpur four-lane road under Golden Quadrilateral Project − Laid.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अंतर्गत जबलपुर-नागपुर 4 लेन पथ का निर्माण कार्य शिवनी के आगे 20वें किलोमीटर में वन एवं पर्यावरण के रिपोर्ट के आधार पर बंद कर निरस्त कर दिया गया है। यह मार्ग किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों के लिए सुलभ एवं उपयोगी मार्ग है। इस पथ के निर्माण कार्य को बंद किए जाने से इलाके की जनता में आक्रोश है।

अतएव सरकार से आग्रह है कि जनहित में जबलपुर-नागपुर 4 लेन पथ का निर्माण कार्य पुनः चालू करवाया जाये।